कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर–342001
email- jdajodhpur/yahoo.com वेब–साईट jodhpurjda.org Phone No 0291-2612086/265635-7 Fax 0291-2612086

क्रमांकः F37.(3)/नि.आ./ जो.स्त.स./का.वि./2023/3549 दिनांकः– 27/01/2023

–:कार्यवाही विवरणः–

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के अधिसूचना कमांक प.17(1)नविवि/अभियान/2021 दिनांक 25.11.2021 के द्वारा गठित जोन स्तरीय समिति की 01/2022 वीं बैठक दिनांक 10.01.2023 को उपायुक्त (जोन–1) की अध्यक्षता में उनके कक्ष में सपन्न हुई जिसमें उपस्थित सदस्य/अधिकारीगण का विवरण परिशिष्ट–1 पर संलग्न है। बैठक में प्रस्तुत एजेण्डा पर लिये गये निर्णय निम्नानुसार है :–

एजेण्डा संख्या	विषय
01.	राजस्व ग्राम बनाड के खसरा संख्या 418/5 के ले–आउट प्लान के संबंध में।

निर्णय :– समिति द्वारा एजेण्डा पर विचार विमर्श एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा बाद विचार–विमर्श उपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिया गया–

01. प्रकरण में कार्यालय वरिष्ठ नगर नियोजक जोधपुर जोन जोधपुर को प्रेषित पत्र दिनांक 16.11.2022 के संबंध में सूचना प्राप्त की जावें।
02. प्रकरण में प्राप्त आपत्ति के निस्तारण के संबंध में कार्यवाही की जावें।
03. प्रकरण में वर्तमान में जोन स्तरीय समिति द्वारा पूर्व में SUO-MOTO ले–आउट प्लान अनुमोदन व पूर्व में अनुमोदित ले–आउट प्लान संशोधन की कार्यवाही की जानी है। प्रकरण में जिला स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति की बैठक दिनांक 07.08.2007 के निर्णय के कम में जारी हस्ताक्षर सुदा ले–आउट प्लान की वैध्यता के संबंध में निर्णय लिया जाना अपेक्षित है। अतः बिन्दु संख्या 01 व 02 की पूर्ति उपरान्त प्रकरण को अग्रिम कार्यवाही हेतु एम्पावर्ड समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जावें।

एजेण्डा संख्या	विषय
02.	राजस्व ग्राम बनाड के खसरा संख्या 449 के ले–आउट प्लान के संबंध में।

निर्णय :– समिति द्वारा एजेण्डा पर विचार विमर्श एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा बाद विचार–विमर्श उपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिया गया–

पत्रावली में संलग्न गूगल मानचित्र अनुसार मौके पर 10 प्रतिशत निर्माण नही प्रतीत होता है अतः 10 प्रतिशत निर्माण की सुनिश्चितता उपरान्त प्रकरण को पुनः आगामी बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया।

तहसीलदार जोधपुर विकास प्राधिकरण	~~सहायक~~/अधिशाषी अभियन्ता जोधपुर विकास प्राधिकरण	सहायक नगर नियोजक जोधपुर विकास प्राधिकरण	उपायुक्त (जोन–1) जोधपुर विकास प्राधिकरण

क्रमांकः F37.(3)/नि.आ./ जो.स्त.स./का.वि./2023/3445-50 दिनांकः–27/01/2023

प्रतिलिपी :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, आयुक्त महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
2. निजी सचिव, सचिव महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
3. निदेशक (आयोजना) महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
4. उपायुक्त जोन–1, जो.वि.प्रा., जोधपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. अधिशाषी अभियन्ता जोन–1, जो.वि.प्रा., जोधपुर
6. तहसीलदार जोन–1, जो.वि.प्रा, जोधपुर

सहायक नगर नियोजक
एवं सदस्य सचिव, जोन स्तरीय समिति
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर